पीएम आवास योजना का मकान आबंटन लाटरी पद्वति से 25 फरवरी को निगम भिलाई में

भिलाईनगर। शासन की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया जा रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के वह नागरिक जो किरायेदारी के रूप में निवासरत है या जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है और जो नागरिक पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये है, जिनका पात्र सूची में नाम है, उनको खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान आबंटन निगम मुख्य कार्यालय सभागार में दिनांक 25.02.2025 को समय 11:00 बजे से किया जाएगा। नागरिक समय तिथि में उपस्थित होकर लाटरी में भाग ले सकते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है, कि शासन की इस योजना का अधिक से अधिक परिवार लाभ लें। यह मकान पूर्ण रूप से गुणवत्तापूर्वक निर्मित किया गया है, जहां परिवारो के लिए सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही है। जो एक मकान खरीदने पर मिलता है। मकान का निर्माण नागरिको की सुविधाओं को देखकर किया गया है, जहां पर वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं सामान्य परिवारो को दिया जा सके। भूतल के मकान दिव्यांगजन एवं वरिष्ठों के लिए आरक्षित रखा गया है। प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। समय अवधि 11:00 बजे से पूर्व 10:45 को निगम मुख्यालय के सभागार में आ जावे। अपने साथ में रशीद एवं लेटर लेकर आना होगा। जिसके आधार पर लाटरी पद्धति के प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। लाटरी पद्धति में सभी आवेदकों को आना आवश्यक है ।